# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (11.04.2025)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:11.04.2025, PAGE-06

## सिंडिकेट चुनाव को पर्यवेक्षक नियुक्त

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में 12 अप्रैल को होने वाले एकेडमिक काउंसिल और सिंडिकेट चुनाव को लेकर विवि की तरफ से ऑब्जर्वर नियुक्त किये गये हैं। प्रो. अशोक श्रीवास्तव और प्रो. उपेंद्र मिश्रा को ऑब्जर्वर बनाया गया है। प्रो. अरविंद कुमार को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. अमानुल्लाह को पोलिंग ऑफिसर बनाया गया है। कुंदन कुमार और पीके सरकार को मतगणना अधिकारी बनाया गया है।

## सीनेट के दिन बंद रहेगा बिहार विश्वविद्यालय

मुजफ्फरपुर। सीनेट के दिन 12 अप्रैल को बीआरएबीयू बंद रहेगा। पहली बार सीनेट के दिन विवि को बंद किया गया है। सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के चुनाव को लेकर विवि में छुट्टी की गई है। हालांकि, सभी कॉलेज खुले रहेंगे और पढ़ाई भी होगी। उधर, सीनेट को लेकर वीसी प्रो. दिनेश चंद्र राय ने गुरुवार को सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। चुनाव के दिन एलएन कॉलेज की तरफ से रास्ता बंद रहेगा। सीनेट सदस्य कलमबाग चौक की तरफ से विवि आएंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:11.04.2025, PAGE-04

# सिंडिकेट व एकेडमिक काउंसिल चुनाव कराएंगे रिटायर्ड प्रोफेसर

### 12 अप्रैल को सीनेट की बैठक में ही चुनाव की प्रक्रिया होगी पूरी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : रिटायर्ड प्रोफेसरों की निगरानी में सिंडिकेट व एकेडमिक काउंसिल का चुनाव होगा। 12 अप्रैल को सीनेट की बैठक में ही चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसरों को पर्यवेक्षक बनाया गया है। कुलसचिव सह रिटर्निंग आफिसर प्रो. संजय कुमार की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। केमिस्ट्री विभाग के रिटायर्ड प्रोफेसर अशोक कुमार श्रीवास्तव, राजनीति विज्ञान के रिटायर्ड प्रोफेसर उपेंद्र मिश्र पर्यवेक्षक रहेंगे। इसके अलावा इंसपेक्टर आफ कालेज प्रो. अरविंद कुमार को प्रिजाइडिंग, डा. दिलीप कुमार व डा. अमानुल्लाह को पोलिंग आफिसर और कुंदन कुमार व पीके सरकार को काउंटिंग आफिसर नियुक्त किया गया है।

**कल विश्वविद्यालय व विभागों में रहेगी छुट्टी :** प्रशासनिक भवन और पीजी विभागों में शनिवार को छुट्टी रहेगी। प्रशासनिक भवन में परीक्षा विभाग सहित सभी विभागों में कामकाज पूरी तरह ठप रहेगा। सीनेट की बैठक को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से यह निर्देश जारी किया गया है।

**एलएस कालेज गेट से प्रवेश रोक :** सीनेट की बैठक को देखते हुए विश्वविद्यालय परिसर में अनाधिकृत प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगी रहेगी। इस दौरान एलएस कालेज गेट से किसी को भी प्रवेश नहीं मिलेगा। सीनेट के सदस्य व अन्य संबंधित लोग सुबह 10.45 बजे तक कलमबाग चौक या दामूचक के रास्ते आएंगे। बैठक के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेंगे।



एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद एमआइटी व मिथिला स्टैक प्रा .लि . के अधिकारी • जागरण

### एमआइटी और मिथिला स्टैक प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : आइटी में नौकरियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत में स्थापित कंपनी मिथिला स्टैक प्राइवेट लिमिटेड और एमआइटी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। यह समझौता मिथिला स्टैक के सह-संस्थापक और निदेशक अरविंद झा, कार्तिक कुमार झा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मिथिला स्टैक प्राइवेट लिमिटेड और एमआइटी मुजफ्फरपुर के प्राचार्य डा . एमके झा के साथ किया गया है। इस समझौता से छात्रों को नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। मौके पर प्रो .डा .अमित कुमार वर्मा, प्रो . दीपक कुमार चौधरी, प्रो . डा . आरपी गुप्ता, प्रो .डा .संजय कुमार आदि मौजूद थे।

# शोध की गुणवत्ता स्तरीय बनाने के लिए विद्यार्थियों को दिए जाएंगे टिप्स

**6 दिवसीय वर्कशाप 21 से, आयोजन में आनलाइन और आफलाइन दोनों तरह से विशेषज्ञ और प्रतिभागी भाग लेंगे**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता को स्तरीय बनाया जाएगा। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थी को टिप्स सुझाए जाएंगे। विश्वविद्यालय स्तर से पहल शुरू है। ललित नारायण तिरहुत महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के सहयोग से छह दिवसीय वर्कशाप 21 से 26 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। इसमें बाहरी विशेषज्ञ भी शोधार्थियों को गुणवत्ता बेहतर करने के टिप्स देंगे। साथ ही रिसर्च में अत्याधुनिक तकनीक के प्रयोग के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। रिसर्च मेथोडोलाजी विषय पर होने वाले छह दिवसीय वर्कशाप को लेकर महाविद्यालय में तैयारी शुरू है।

इस आयोजन में आनलाइन और आफलाइन दोनों तरह से विशेषज्ञ और प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रतिभागियों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 18 अप्रैल तक का समय दिया गया है। आयोजन को लेकर कमेटी गठित की गई है। वर्कशाप के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय और संरक्षक प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह हैं। वहीं, विश्वविद्यालय एमएमटीसी के डाइरेक्टर डा. राजीव कुमार झा के साथ ही वर्कशाप के संयोजक महाविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अर्चना सिंह, आईक्यूएसी को-आर्डिनेटर डा. जितेंद्र कुमार मिश्र व आयोजन सचिव हिंदी विभागाध्यक्ष डा. चितरंजन कुमार भी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।



### 12 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन किया जाएगा स्वीकार

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से माध्यमिक कंपार्टमेंटल परीक्षा 2025 और माध्यमिक विशेष परीक्षा 2025 के लिए निर्धारित अवधि में आवेदन करने का निर्देश दिया है। राज्य स्तर पर समीक्षा के बाद यह बात सामने आया कि आवेदन की संख्या काफी कम है। परीक्षा नियंत्रक ने कहा है कि 4 अप्रैल से आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। 12 अप्रैल तक समय दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी को अभियान चलाकर कंपार्टमेंटल व विशेष परीक्षा के लिएआवेदन कराने को कहा है। 12 अप्रैल के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 11.04.2025, PAGE-04


# सीनेट बैठक : 12 को एलएस कॉलेज गेट से प्रवेश नहीं

- प्रशासनिक भवन व पीजी विभागों में शनिवार को रहेगी छुट्टी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

सीनेट की बैठक 12 अप्रैल को होगी. इसकी तैयारी अंतिम चरण में है. विवि परिसर में अनधिकृत प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गयी है. इस दौरान एलएस कॉलेज गेट से किसी को भी प्रवेश नहीं मिलेगा. सीनेट के सदस्य व अन्य संबंधित लोग सुबह 10.45 बजे तक कलमबाग चौक या दामूचक के रास्ते ऑडिटोरियम में पहुंचेंगे. ऑडिटोरियम में ही वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी. इसके साथ ही प्रशासनिक भवन व पीजी विभागों में शनिवार को छुट्टी रहेगी. प्रशासनिक भवन में परीक्षा विभाग सहित सभी विभागों में कामकाज पूरी तरह ठप रहेगा. सीनेट की बैठक को लेकर विवि प्रशासन की ओर से यह निर्देश जारी किया गया है. बैठक या चुनाव प्रक्रिया में जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, वहीं आयेंगे. बता दें कि बीते बुधवार को विवि में एसएसपी पहुंच थे. उन्होंने वीसी से बैठक के तैयारियों की जानकारी ली थी.

**रिटायर्ड प्रोफेसरों की निगरानी में होगा चुनाव**:विवि के सिंडिकेट व एकेडमिक काउंसिल के लिए 12 अप्रैल को सीनेट की बैठक में ही चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जायेगी. इसके लिए विवि के रिटायर्ड प्रोफेसरों को ऑब्जर्वर बनाया गया है. कुलसचिव सह रिटर्निंग ऑफिसर प्रो संजय कुमार की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है. केमिस्ट्री विभाग के रिटायर्ड प्रो अशोक श्रीवास्तव पॉलिटिकल साइंस के रिटायर्ड प्रो उपेंद्र मिश्र ऑब्जर्वर रहेंगे. इसके अलावा इंसपेक्टर ऑफ कॉलेज प्रो अरविंद कुमार को प्री-जाइडिंग ऑफिसर, डॉ दिलीप व डॉ अमानुल्लाह को पोलिंग ऑफिसर व कुंदन व पीके सरकार को काउंटिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है.